CS (MAIN) Exam:2016

**M-ESC-O-GSD**

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र IV / Paper IV

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>*Time Allowed : **Three Hours*** | अधिकतम अंक : **250**<br>*Maximum Marks : **250*** |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*दो खण्डों में कुल **चौदह** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **FOURTEEN** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*All questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) स्पष्ट कीजिए कि आचारनीति समाज और मानव का किस प्रकार भला करती है । (150 शब्द)

Explain how ethics contributes to social and human well-being. (150 words) *10*

(b) क्या कारण है कि निष्पक्षता और अपक्षपातीयता को लोक सेवाओं में, विशेषकर वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ में, आधारभूत मूल्य समझना चाहिए ? अपने उत्तर को उदाहरणों के साथ सुस्पष्ट कीजिए । (150 शब्द)

Why should impartiality and non-partisanship be considered as foundational values in public services, especially in the present day socio-political context ? Illustrate your answer with examples. (150 words) *10*

**Q2.** (a) 'शासन', 'सुशासन' और 'नैतिक शासन' शब्दों से आप क्या समझते हैं ? (150 शब्द)

What do you understand by the terms 'governance', 'good governance' and 'ethical governance' ? (150 words) *10*

(b) महात्मा गाँधी की सात पापों की संकल्पना की विवेचना कीजिए । (150 शब्द)

Discuss Mahatma Gandhi's concept of seven sins. (150 words) *10*

**Q3.** (a) भारत के संदर्भ में सामाजिक न्याय की जॉन रॉल्स की संकल्पना का विश्लेषण कीजिए । (150 शब्द)

Analyse John Rawls's concept of social justice in the Indian context. (150 words) *10*

(b) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा सिफ़ारिशकृत (अनुशंसित) लोक सेवा संहिता की विवेचना कीजिए । (150 शब्द)

Discuss the Public Services Code as recommended by the 2nd Administrative Reforms Commission. (150 words) *10*

**Q4.** (a) "भ्रष्टाचार सरकारी राजकोष का दुरुपयोग, प्रशासनिक अदक्षता एवं राष्ट्रीय विकास के मार्ग में बाधा उत्पन्न करता है ।" कौटिल्य के विचारों की विवेचना कीजिए । (150 शब्द)

"Corruption causes misuse of government treasury, administrative inefficiency and obstruction in the path of national development." Discuss Kautilya's views. (150 words) *10*

(b) सामाजिक प्रभाव और समझाना-बुझाना स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए किस प्रकार योगदान कर सकते हैं ? (150 शब्द)

How could social influence and persuasion contribute to the success of Swachh Bharat Abhiyan ? (150 words) *10*

**Q5.** विधि एवं आचारनीति मानव आचरण को नियन्त्रित करने वाले दो उपकरण माने जाते हैं ताकि आचरण को सभ्य सामाजिक अस्तित्व के लिए सहायक बनाया जा सके ।

(a) चर्चा कीजिए कि वे इस उद्देश्य की किस प्रकार पूर्ति करते हैं ।

(b) उदाहरण देते हुए यह बताइए कि ये दोनों अपने उपागमों में किस प्रकार एक-दूसरे से भिन्न हैं । (150 शब्द)

Law and ethics are considered to be the two tools for controlling human conduct so as to make it conducive to civilized social existence.

(a) Discuss how they achieve this objective.

(b) Giving examples, show how the two differ in their approaches.

(150 words) *10*

**Q6.** जीवन, कार्य, अन्य व्यक्तियों एवं समाज के प्रति हमारी अभिवृत्तियाँ आमतौर पर अनजाने में परिवार एवं उस सामाजिक परिवेश के द्वारा रूपित हो जाती हैं, जिसमें हम बड़े होते हैं । अनजाने में प्राप्त इनमें से कुछ अभिवृत्तियाँ एवं मूल्य अक्सर आधुनिक लोकतांत्रिक एवं समतावादी समाज के नागरिकों के लिए अवांछनीय होते हैं ।

(a) आज के शिक्षित भारतीयों में विद्यमान ऐसे अवांछनीय मूल्यों की विवेचना कीजिए ।

(b) ऐसी अवांछनीय अभिवृत्तियों को कैसे बदला जा सकता है तथा लोक सेवाओं के लिए आवश्यक समझे जाने वाले सामाजिक-नैतिक मूल्यों को आकांक्षी तथा कार्यरत लोक सेवकों में किस प्रकार संवर्धित किया जा सकता है ? (150 शब्द)

Our attitudes towards life, work, other people and society are generally shaped unconsciously by the family and the social surroundings in which we grow up. Some of these unconsciously acquired attitudes and values are often undesirable in the citizens of a modern democratic and egalitarian society.

(a) Discuss such undesirable values prevalent in today's educated Indians.

(b) How can such undesirable attitudes be changed and socio-ethical values considered necessary in public services be cultivated in the aspiring and serving civil servants ? (150 words) *10*

**Q7.** क्रोध एक हानिकारक नकारात्मक संवेग है । यह व्यक्तिगत जीवन एवं कार्य जीवन दोनों के लिए हानिकर है ।

(a) चर्चा कीजिए कि यह किस प्रकार नकारात्मक संवेगों और अवांछनीय व्यवहारों को पैदा कर देता है ।

(b) इसे कैसे व्यवस्थित एवं नियंत्रित किया जा सकता है ? (150 शब्द)

Anger is a harmful negative emotion. It is injurious to both personal life and work life.

(a) Discuss how it leads to negative emotions and undesirable behaviours.

(b) How can it be managed and controlled ? (150 words) *10*

**Q8.** "मैक्स वैबर ने कहा था कि जिस प्रकार के नैतिक प्रतिमानों को हम व्यक्तिगत अंतरात्मा के मामलों पर लागू करते हैं, उस प्रकार के नैतिक प्रतिमानों को लोक प्रशासन पर लागू करना समझदारी नहीं है । इस बात को समझ लेना महत्त्वपूर्ण है कि हो सकता है कि राज्य के अधिकारीतंत्र के पास अपनी स्वयं की स्वतंत्र अधिकारीतंत्रीय नैतिकता हो ।" इस कथन का समालोचनापूर्वक विश्लेषण कीजिए । (150 शब्द)

"Max Weber said that it is not wise to apply to public administration the sort of moral and ethical norms we apply to matters of personal conscience. It is important to realise that the State bureaucracy might possess its own independent bureaucratic morality." Critically analyse this statement.

(150 words) *10*

खण्ड B

SECTION B

**Q9.** इंजीनियरी की एक नई स्नातक (ग्रेजुएट) को एक प्रतिष्ठावान रासायनिक उद्योग में नौकरी मिली है । वह कार्य को पसन्द करती है । वेतन भी अच्छा है । फिर भी, कुछ महीनों के पश्चात् इत्तफ़ाक़ से उसने पाया कि उच्च विषाक्त अपशेष को गोपनीय तरीके से नज़दीकी नदी में प्रवाहित किया जा रहा है । यह अनुप्रवाह में रहने वाले ग्रामीणों, जो पानी की आवश्यकता के लिए नदी पर निर्भर हैं, के स्वास्थ्य की समस्याओं का कारण बनता जा रहा है । वह विचलित है और वह अपनी चिन्ता सहकर्मियों को प्रकट करती है, जो लम्बे समय से कम्पनी के साथ रहे हैं । वे उसे चुप रहने की सलाह देते हैं क्योंकि जो भी इस विषय का उल्लेख करता है, उसको नौकरी से निकाल दिया जाता है । वह अपनी नौकरी खोने का ख़तरा नहीं ले सकती, क्योंकि वह अपने परिवार की एकमात्र जीविका चलाने वाली है तथा उसे अपने बीमार माता-पिता एवं भाई-बहनों का भरण-पोषण करना होता है । प्रथमत: वह सोचती है यदि उसके वरिष्ठ चुप हैं, तो वह ही क्यों अपनी गर्दन बाहर निकाले । परन्तु उसका अन्त:करण नदी को एवं नदी पर निर्भर रहने वाले लोगों को बचाने के लिए कुछ करने की प्रेरणा देता है । अन्त:करण से वह महसूस करती है कि उसके मित्रों द्वारा चुप रहने का दिया गया परामर्श उचित नहीं है, यद्यपि वह उसके कारण नहीं बता सकती है । वह सोचती है कि आप एक बुद्धिमान व्यक्ति हैं तथा वह आपका परामर्श पूछती है ।

(a) चुप रहना उसके लिए नैतिक रूप से सही नहीं है यह दर्शाने के लिए आप क्या तर्क प्रस्तुत कर सकते हैं ?

(b) आप उसे कौन-सा रास्ता अपनाने की सलाह देंगे और क्यों देंगे ? (250 शब्द)

A fresh engineering graduate gets a job in a prestigious chemical industry. She likes the work. The salary is also good. However, after a few months she accidentally discovers that a highly toxic waste is being secretly discharged into a river nearby. This is causing health problems to the villagers downstream who depend on the river for their water needs. She is perturbed and mentions her concern to her colleagues who have been with the company for longer periods. They advise her to keep quite as anyone who mentions the topic is summarily dismissed. She cannot risk losing her job as she is the sole bread-winner for her family and has to support her ailing parents and siblings. At first, she thinks that if her seniors are keeping quiet, why should she stick out her neck. But her conscience pricks her to do something to save the river and the people who depend upon it. At heart she feels that the advice of silence given by her friends is not correct though she cannot give reasons for it. She thinks you are a wise person and seeks your advice.

(a) What arguments can you advance to show her that keeping quiet is not morally right ?

(b) What course of action would you advise her to adopt and why ?

(250 words) 20

**Q10.** खनन, बाँध एवं अन्य बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अधिकांशतः आदिवासियों, पहाड़ी निवासियों एवं ग्रामीण समुदायों से अर्जित की जाती है । विस्थापित व्यक्तियों को कानूनी प्रावधानों के अनुरूप मौद्रिक मुआवज़ा दिया जाता है । फिर भी, भुगतान प्रायः धीमी गति से होता है । किसी भी हालत में विस्थापित परिवार लम्बे समय तक जीवनयापन नहीं कर पाते । इन लोगों के पास बाज़ार की आवश्यकतानुसार किसी दूसरे धंधे में लगने का कौशल भी नहीं होता है । वे आखिरकार कम मज़दूरी वाले आवर्जिक (प्रवासी) श्रमिक बन जाते हैं । इसके अलावा, उनके सामुदायिक जीवन के परम्परागत तरीके अधिकांशतः समाप्त हो जाते हैं । अतः विकास के लाभ उद्योगों, उद्योगपतियों एवं नगरीय समुदायों को चले जाते हैं, जबकि विकास की लागत इन ग़रीब असहाय लोगों पर डाल दी जाती है । लागतों एवं लाभों का यह अनुचित वितरण अनैतिक है ।

यदि आपको ऐसे विस्थापित व्यक्तियों के लिए अच्छे मुआवज़े एवं पुनःवास की नीति का मसौदा बनाने का कार्य दिया जाता है, तो आप इस समस्या के सम्बन्ध में क्या दृष्टिकोण रखेंगे एवं आपके द्वारा सुझाई गई नीति के मुख्य तत्त्व कौन-कौन से होंगे ? (250 शब्द)

Land needed for mining, dams and other large-scale projects is acquired mostly from Adivasis, hill dwellers and rural communities. The displaced persons are paid monetary compensation as per the legal provisions. However, the payment is often tardy. In any case, it cannot sustain the displaced families for long. These people do not possess marketable skills to engage in some other occupation. They end up as low paid migrant labourers. Moreover, their traditional ways of community living are destroyed. Thus, the benefits of development go to industries, industrialists and urban communities whereas the costs are passed on to these poor helpless people. This unjust distribution of costs and benefits is unethical.

Suppose you have been entrusted with the task of drafting a better compensation-cum-rehabilitation policy for such displaced persons, how would you approach the problem and what would be the main elements of your suggested policy ? (250 words) *20*

**Q11.** कल्पना करें कि आप एक सामाजिक सेवा योजना की क्रियान्विती के कार्य प्रभारी हैं, जिससे बूढ़ी एवं निराश्रय महिलाओं की सहायता प्रदान करनी है । एक बूढ़ी एवं अशिक्षित महिला योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आपके पास आती है । यद्यपि, उसके पास पात्रता के मानदंडों को पूरा करने वाले काग़जात दिखाने के लिए नहीं हैं । परन्तु उससे मिलने एवं उसे सुनने से आप यह महसूस करते हैं कि उसे सहायता की निश्चित रूप से आवश्यकता है । आपकी जाँच में यह भी आया है कि वास्तव में वह दयनीय दशा में निराश्रित जीवन व्यतीत कर रही है । आप इस धर्मसंकट में हैं कि क्या किया जाए । उसे बिना आवश्यक काग़जात के योजना में सम्मिलित किया जाना, नियमों का स्पष्ट उल्लंघन होगा । उसे सहायता के लिए मना करना भी निर्दयता एवं अमानवीय होगा ।

(a) क्या आप इस धर्मसंकट के समाधान के लिए कोई तार्किक तरीका सोच सकते हैं ?

(b) इसके लिए अपने कारण बतलाइए । (250 शब्द)

Suppose you are an officer in-charge of implementing a social service scheme to provide support to old and destitute women. An old and illiterate woman comes to you to avail the benefits of the scheme. However, she has no documents to show that she fulfils the eligibility criteria. But after meeting her and listening to her you feel that she certainly needs support. Your enquiries also show that she is really destitute and living in a pitiable condition. You are in a dilemma as to what to do. Putting her under the scheme without necessary documents would clearly be violation of rules. But denying her the support would be cruel and inhuman.

(a) Can you think of a rational way to resolve this dilemma ?

(b) Give your reasons for it. (250 words) *20*

**Q12.** आप एक सरकारी कार्यालय में अपने विभाग के निदेशक के सहायक के रूप में कार्यरत एक युवा, उच्चाकांक्षी एवं निष्कपट कर्मचारी हैं । जैसा कि आपने अभी पद ग्रहण किया है, आपको सीखने एवं प्रगति की आवश्यकता है । भाग्यवश आपका उच्चस्थ बहुत दयालु एवं आपको अपने कार्य के लिए प्रशिक्षित करने के लिए तैयार है । वह बहुत बुद्धिमान एवं पूर्ण जानकार व्यक्ति है, जिसे विभिन्न विभागों का ज्ञान है । संक्षेप में, आप अपने बॉस का सम्मान करते हैं तथा उससे बहुत कुछ सीखने के उत्सुक हैं ।

जैसा कि आपके साथ बॉस के सम्बन्ध अच्छे हैं, वह आप पर निर्भर करने लगा है । एक दिन ख़राब स्वास्थ्य के कारण उसने आपको कुछ आवश्यक कार्य पूरा करने के लिए घर पर बुलाया ।

आप उसके घर पहुँचे एवं घंटी बजाने से पूर्व आपने ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने का शोर सुना । आपने कुछ समय प्रतीक्षा की । घर में प्रवेश करने पर बॉस ने आपका अभिनन्दन किया तथा कार्य के बारे में बतलाया । परन्तु आप एक औरत के रोने की आवाज़ से निरन्तर व्याकुल रहे । अन्त में आपने अपने बॉस से पूछा परन्तु उसने सन्तोषप्रद जवाब नहीं दिया ।

अगले दिन आप कार्यालय में इसके बारे में आगे जानकारी करने को उद्वेलित हुए एवं मालूम हुआ कि उसका घर में अपनी पत्नी के साथ व्यवहार बहुत ख़राब है । वह अपनी पत्नी की मारपीट भी करता है । उसकी पत्नी ठीक से शिक्षित नहीं है तथा अपने पति की तुलना में एक सरल महिला है । आप देखते हैं कि आपका बॉस कार्यालय में अच्छा व्यक्ति है, परन्तु घर पर वह घरेलू हिंसा में संलिप्त है ।

इस स्थिति में, आपके सामने निम्नलिखित विकल्प बचे हैं । प्रत्येक विकल्प का परिणामों के साथ विश्लेषण कीजिए ।

(a) इसके बारे में सोचना छोड़ दीजिए क्योंकि यह उनका व्यक्तिगत मामला है ।

(b) उपयुक्त प्राधिकारी को मामले को प्रेषित कीजिए ।

(c) स्थिति के बारे में आपका स्वयं का नवप्रवर्तनकारी दृष्टिकोण । (250 शब्द)

You are a young, aspiring and sincere employee in a Government office working as an assistant to the director of your department. Since you have joined recently, you need to learn and progress. Luckily your superior is very kind and ready to train you for your job. He is a very intelligent and well-informed person having knowledge of various departments. In short, you respect your boss and are looking forward to learn a lot from him.

Since you have a good tuning with the boss, he started depending on you. One day due to ill health he invited you at his place for finishing some urgent work.

You reached his house and before you could ring the bell you heard shouting noises. You waited for a while. After entering the house the boss greeted you and explained the work. But you were constantly disturbed by the crying of a woman. At last, you inquired with the boss but his answer did not satisfy you.

Next day, you were compelled to inquire further in the office and found out that his behaviour is very bad at home with his wife. He also beats up his wife.

His wife is not well educated and is a simple woman in comparison to her husband. You see that though your boss is a nice person in the office, he is engaged in domestic violence at home.

In such a situation, you are left with the following options. Analyse each option with its consequences.

(a) Just ignore thinking about it because it is their personal matter.

(b) Report the case to the appropriate authority.

(c) Your own innovative approach towards the situation. (250 words) *20*

**Q13.** ए.बी.सी. लिमिटेड एक बड़ी पारराष्ट्रीय कम्पनी है जो विशाल शेयरधारक के आधार पर विविध व्यापारिक गतिविधियाँ संचालित करती है । कम्पनी द्वारा निरन्तर विस्तार एवं रोज़गार सृजन हो रहा है । कम्पनी ने अपने विस्तार एवं विविधता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासपुरी, जो एक अविकसित क्षेत्र है, में एक नया संयंत्र स्थापित करने का निर्णय किया है । नया संयंत्र ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकी के प्रयोग के अनुरूप प्रारूपित किया गया है जो कम्पनी के उत्पादन लागत को 20% बचाएगी । कम्पनी के निर्णय सरकार की अविकसित क्षेत्रों के विकास के लिए निवेश को आकर्षित करने की नीति के अनुरूप हैं । सरकार ने उन कम्पनियों को पाँच वर्ष के लिए करों में छूट (टेक्स होलीडे) की घोषणा की है जो अविकसित क्षेत्र में निवेश करती हैं । फिर भी, नया संयंत्र विकासपुरी क्षेत्र के शान्तिप्रिय निवासियों के लिए अव्यवस्था पैदा कर देगा । नए संयंत्र के परिणामस्वरूप जीवनयापन की लागत बढ़ेगी, क्षेत्र में विदेशी प्रवसन से सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्था प्रभावित होगी । कम्पनी को सम्भावित विरोध का आभास होने पर उसने विकासपुरी क्षेत्र के लोगों एवं जनता को यह बताने की कोशिश की कि कम्पनी की निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व की नीति विकासपुरी क्षेत्र के निवासियों की सम्भावित कठिनाइयों को रोकने में मददगार रहेगी । इसके बावजूद भी विरोध प्रारम्भ होता है तथा कुछ निवासी न्यायपालिका जाने का इस आधार पर निर्णय करते हैं कि इससे पूर्व सरकार के सामने दिए गए तर्कों का कोई परिणाम नहीं निकला था ।

(a) इस मामले में अन्त:निहित समस्याओं की पहचान कीजिए ।

(b) आप कम्पनी के लक्ष्यों एवं प्रभावित निवासियों की सन्तुष्टि के लिए क्या सुझाव दे सकते हैं ? (300 शब्द)

ABC Ltd. is a large transnational company having diversified business activities with a huge shareholder base. The company is continuously expanding and generating employment. The company, in its expansion and diversification programme, decides to establish a new plant at Vikaspuri, an area which is underdeveloped. The new plant is designed to use energy efficient technology that will help the company to save production cost by 20%. The company's decision goes well with the Government policy of attracting investment to develop such underdeveloped regions. The Government has also announced tax holiday for five years for the companies that invest in underdeveloped areas. However, the new plant may bring chaos for the inhabitants of Vikaspuri region, which is otherwise tranquil. The new plant may result in increased cost of living, aliens migrating to the region, disturbing the social and economic order. The company sensing the possible protest tried to educate the people of Vikaspuri region and public in general that how its Corporate Social Responsibility (CSR) policy would help overcome the likely difficulties of the residents of Vikaspuri region. In spite of this the protests begin and some of the residents decided to approach the judiciary as their plea before the Government did not yield any result.

(a) Identify the issues involved in the case.

(b) What can be suggested to satisfy the company's goal and to address the residents' concerns ? (300 words) *25*

**Q14.** सरस्वती यू.एस.ए. में सूचना प्रौद्योगिकी की एक सफल पेशेवर थी । अपने देश के लिए कुछ करने की राष्ट्र-भावना से प्रेरित होकर वह वापस भारत आई । उसने ग़रीब ग्रामीण समुदाय के लिए एक पाठशाला निर्माण के लिए एक-जैसे विचारों वाले कुछ मित्रों के साथ मिलकर एक ग़ैर-सरकारी संगठन बनाया ।

पाठशाला का लक्ष्य नाममात्र की लागत पर उच्च स्तरीय आधुनिक शिक्षा प्रदान करना था । उसने जल्दी ही पाया कि उसे कई सरकारी ऐजेन्सियों से अनुमति लेनी होगी । नियम एवं प्रक्रियाएँ काफी अस्पष्ट एवं जटिल थीं । अनावश्यक देरियों, अधिकारियों की कठोर प्रवृत्ति एवं घूस की लगातार माँग से वह सबसे ज़्यादा हतोत्साहित हुई । उसके एवं उस जैसे दूसरों के अनुभव ने लोगों को सामाजिक सेवा परियोजनाओं को लेने से रोका हुआ है ।

स्वैच्छिक सामाजिक कार्य पर सरकारी नियन्त्रण के उपाय आवश्यक हैं । परन्तु इन्हें बाध्यकारी या भ्रष्टरूप में प्रयोग में नहीं लिया जाना चाहिए । आप क्या उपाय यह सुनिश्चित करने के लिए सुझाएँगे कि जिससे आवश्यक नियन्त्रण के साथ नेक इरादों वाले ईमानदार ग़ैर-सरकारी संगठन के प्रयासों में बाधा नहीं आए ? (300 शब्द)

Saraswati was a successful IT professional in USA. Moved by the patriotic sense of doing something for the country she returned to India. Together with some other like-minded friends, she formed an NGO to build a school for a poor rural community.

The objective of the school was to provide the best quality modern education at a nominal cost. She soon discovered that she has to seek permission from a number of Government agencies. The rules and procedures were quite confusing and cumbersome. What frustrated her most was the delays, callous attitude of officials and constant demand for bribes. Her experience and the experience of many others like her has deterred people from taking up social service projects.

A measure of Government control over voluntary social work is necessary. But it should not be exercised in a coercive or corrupt manner. What measures can you suggest to ensure that due control is exercised but well meaning, honest NGO efforts are not thwarted ? (300 words) *25*